invited foreign and Indian Companies to bid for the development of the Mid & South Tapti field, one block around N. Tapti field has also been offered in the Sixth round for exploration.

तेल कम्पनियों में फालतू कर्मचारी

362. **श्रीमती सुषमा स्वराज:**
डा० जिनेंद्र कुमार जैन:

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा इस समय सरकारी क्षेत्र की विभिन्न तेल कम्पनियों में कार्य कर रहे 44,000 कर्मचारियों में से लगभग 12,000 कर्मचारियों को तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड में शामिल करने से पहले सेवा-निवृत्त करने का प्रयास किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि ये कर्मचारी इन कम्पनियों में फालतू हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या है और सरकार द्वारा इन तेल कम्पनियों में कार्यरत कर्मचारियों को फालतू संख्या का पता लगाने के लिए पहली बार सर्वेक्षण कब कराया गया था?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) मानव शक्ति उपयोग का निर्धारण एक अनवरत प्रक्रिया है तथा आवधिक अध्ययनों से उद्घाटित असंतुलनों को पुनः अभिनियोजन द्वारा ठीक किया जाता है।

कीमतों में वृद्धि और रसोई गैस का आयात

363. **श्री वीरेन जे० शाह:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा रसोई गैस की कीमतों में अभी हाल ही में वृद्धि की गई है;

(ख) यदि हां, तो इस मूल्य वृद्धि के परिणामस्वरुप सरकार द्वारा रसोई गैस पर दी जा रही राज-सहायता में प्रति वर्ष कितनी कमी होने की संभावना है;

(ग) क्या यह भी सच है कि सरकार द्वारा रसोई गैस के आयात पर लगने वाले सीमा शुल्क को भी कम कर दिया गया है;

(घ) यदि हां, तो विगत वर्षों में किये गये आयात के आधार पर सीमा शुल्क की दरों में की गई इस कमी के परिणामस्वरुप आयातकर्ताओं द्वारा कितना लाभ अर्जित किए जाने का अनुमान है; और

(ङ) क्या यह भी सच है कि देश में इस समय लगभग 82 गैर-सरकारी कम्पनियां हैं जिन्हें रसोई गैस का आयात करने के लिये प्राधिकृत किया गया है; यदि नहीं, तो जनवरी, 1994 तक उनकी कुल संख्या कितनी थी?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) जी, हां।

(ख) खपत की वर्तमान दर पर लगभग 188 करोड़ रुपए।

(ग) जी, हां। रसोई गैस के आयात पर सीमा शुल्क को 85 प्रतिशत घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है।

(घ) सीमा शुल्क में कमी की 12 जनवरी, 1994 से प्रभावी किया गया है। सीमा शुल्क में कमी से आयातकर्ताओं को घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस के के सिलेंडरों के उत्पादन की स्वागत में मदद मिलेगी तथा पेट्रो-रसायन उद्योग द्वारा प्रयोग किए जा रहे कच्चे माल के रूप में एल०पी०जी० की लागत में कमी होगी।

(ङ) रसोई गैस अब एक नियंत्रण मुक्त मद है। अब तक 50 पार्टियों ने समान्तर विपणन प्रणाली के अन्तर्गत रसोई गैस के आयात और विपणन की योजनाओं की सूचना दी है।

Private Firms to Import and Distribute Cooking Gas

364. DR. YELAMANCHILI SIVAJI : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) what is the number of private firms which are importing and distributing LP cooking gas; and